पुलिस ने फरार चल रहे तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 22 मई, अंबाड़ा चौकी अंतर्गत हिंगलाज बैरियर के पास आदिवासी युवकों और वाहन चालक दिलीप यदुवंशी के साथ मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में शामिल तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

साथ ही, मुख्य आरोपी पर जिला बदर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 18 मई की रात्रि में रिछेडा निवासी दिलीप यदुवंशी अपने पिकअप वाहन से जा रहे थे। इस दौरान आरोपी आकाश कहार उर्फ टिब्बू, अजय नागवंशी, समीर उर्फ सम्मी खान, साहिल धुर्वे, संजू धुर्वे और लकी पटेल (सभी निवासी अंबाड़ा) ने उन्हें वाहन से नीचे उतारकर मारपीट की। इस घटना में आदिवासी युवकों को भी निशाना बनाया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 184/25 एवं 185/26 के तहत धारा 119, 126(2), 296(ङ), 115(2), 351(3) बीएनएस तथा एससीएसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटना के दो दिन बाद ही 20 मई को आरोपी मोहित साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शेष आरोपियों में आकाश कहार उर्फ टिब्बू, अजय नागवंशी और समीर उर्फ सम्मी खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज न्यायालय में पेश किया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया।

आदतन अपराधियों पर कसेगा शिकंजा

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र के आदतन अपराधी, गुंडा बदमाशों और कोयला चोरों पर पैनी नजर रखी जा रही है। मुख्य आरोपी आकाश कहार उर्फ टिब्बू (27 वर्ष) पिता सदन कहार, जो क्षेत्र का एक कुख्यात बदमाश है, उसके विरुद्ध जिला बदर की कार्यवाही प्रस्तावित की गई है। पुलिस अन्य उपद्रवियों पर भी प्रतिबंधात्मक और जिला बदर जैसी सख्त कानूनी कार्रवाई करने की तैयारी में है।

सराहनीय भूमिका

इस पूरी कार्रवाई को एसडीओपी जुन्नारदेव सुनील वरकडे के कुशल निर्देशन में अंजाम दिया गया। टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक जे. मसराम, उप निरीक्षक संजय सोनवानी, उप निरीक्षक मुकेश डोंगरे तथा आरक्षक योगेश जंगले, संस्कार बघेल, योगेश रघुवंशी और नीलेश पाल की सराहनीय भूमिका रही।

अंबाड़ा में अवैध सट्टेबाजी और कोयले के काले कारोबार पर फूटा गुस्सा सरपंच ने दी आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 22 मई, ग्राम पंचायत अंबाड़ा क्षेत्र में बढ़ते अवैध धंधों और कोयले के अवैध खनन को लेकर स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश है। अंबाड़ा की सरपंच भारती उइके ने इस संबंध में जुन्नारदेव थाना प्रभारी को एक कड़ा शिकायती पत्र सौंपकर तत्काल कार्यवाहीं की मांग की है।

सरपंच ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि पुलिस प्रशासन ने इस पर जल्द रोक नहीं लगाई, तो समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

सट्टे के जाल में बर्बाद हो रही युवा पीढ़ी

थाना प्रभारी को भेजे गए पत्र में सरपंच ने अवगत कराया है कि वर्तमान समय में ग्राम पंचायत अंबाड़ा क्षेत्र में अवैध धंधों की बाढ़ आई हुई है। गांव में जगह-जगह सट्टे की पर्चियां काटी जा रही हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि इस अवैध कारोबार को गांव के ही कुछ रसूखदार और संरक्षण प्राप्त लोग संचालित कर रहे हैं। इस सट्टे की लत के कारण अंबाड़ा के युवाओं का भविष्य अंधकार में डूब रहा है और कई परिवार पूरी तरह से बर्बाद हो रहे हैं।

मौत के कुएं बने अवैध कोयला खदान, फिर शुरू हुआ काला खेल

शिकायत में क्षेत्र में चल रहे अवैध कोयला खनन का भी पर्दाफाश किया गया है। पत्र के अनुसार, ओपन कास्ट और अन्य खंतियों (खदानों) से अवैध रूप से कोयला निकालने का काम धड़ल्ले से जारी है। सरपंच ने एक दर्दनाक हादसे की याद दिलाते हुए बताया कि अभी लगभग छह माह पूर्व ही ग्राम के दो नवयुवकों की अवैध खुदाई के दौरान खंती में दबकर असमय मौत हो गई थी। इस भयानक हादसे के बावजूद माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि अंबाड़ा में कोयले की अवैध खुदाई का काम फिर से जोरों-शोरों से चालू हो गया है। सरपंच भारती उइके ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया है कि क्षेत्र के युवाओं को अवैध गतिविधियों में लिप्त होने और अपनी जान गंवाने से बचाने के लिए इन दोनों अवैध धंधों सट्टा और अवैध कोयला खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए। पत्र के अंत में उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि इस गंभीर मामले में पुलिस या प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार की लापरवाही बरती जाती है, तो सरपंच सहित क्षेत्र के समस्त जनप्रतिनिधि सड़क पर उतरकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। शिकायत पत्र की प्रतिलिपि उचित कार्रवाई हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जुन्नारदेव, चौकी प्रभारी पुलिस चौकी अंबाड़ा को प्रेषित की गई है।

शहंशाह-ए-सिवनी के 50वें सालाना उर्स का आगाज़

सिवनी नवभारत। बड़ी ज्यारत उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की प्रेस विज्ञप्ति में कमेटी के प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि शहर की मशहूर और मरकज़ी दरगाह हज़रत मियां मोहम्मद शाह वली रहमतुल्लाह अलैह (बड़ी ज्यारत) के 50वें सालाना उर्स मुबारक का आगाज़ पूरे अदब, एहतराम और शानो-शौकत के साथ हो गया है। उर्स की शुरुआत 21 मई को दरूदखानी और मीलाद शरीफ के आयोजन से हुई, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने हाजिरी देकर बुजुर्ग-ए-दीन को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। दरगाह परिसर में रूहानी माहौल, तिलावत-ए-कुरआन और नात-ओ-मनकबत की सदाओं से फिजाएं मुश्कबार हो उठीं।

उर्स कमेटी के अध्यक्ष हाजी सोहेल पाशा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में प्रवक्ता हसीब कुरैशी ने बताया कि 22 मई को रात्रि में शमा महफिल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सूफियाना कलाम और इश्क-ए-रसूल से सराबोर प्रस्तुतियां होंगी। वहीं 23 मई की फजर की नमाज के बाद दरबार पर परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी। यह रस्म उर्स की सबसे अहम और मुबारक रस्मों में शुमार की जाती है, जिसका इंतजार दूर-दराज से आने वाले जायरीन पूरे साल करते हैं।

23 मई को होगा कव्वाली का शानदार मुकाबला

उर्स के अवसर पर 23 मई की रात्रि 9 बजे से भव्य कव्वाली महफिल सजाई जाएगी। इस महफिल में कव्वाली जगत के नामचीन और मकबूल फनकार आमिल आरिफ साबरी एवं असद निशाद साबिरी अपने बेहतरीन कलाम और सूफियाना अंदाज से श्रोताओं को झूमने पर मजबूर करेंगे। देश-विदेश में अपनी गायकी का लोहा मनवा चुके ये दोनों कव्वाल दरगाह की फिजाओं को इश्क, मोहब्बत और सूफियत के रंगों से सराबोर करेंगे। कव्वाली प्रेमियों में इस महफिल को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु : पं. दिनेश मिश्र

सिवनी/बरघाट नवभारत। हमें भी श्रीकृष्ण की तरह सत्य को ग्रहण करने वाला सत्संगी बनना चाहिए। भगवान कभी भी किसी के गुण-अवगुण नही देखते हैं। भक्त का कल्याण करते हैं। इसलिए भगवान की भक्ति निष्छल मन से करना चाहिए।उक्ताशय की बात कथावाचक पं. दिनेश मिश्र ने बरघाट के गांव गोरखपुर (खामी) में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को श्रद्धालुजनों से कही। उन्होंने आगे कहा कि बाल्यकाल में भगवान द्वारा की गई लीलाएं केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि जीवन का गूढ़ संदेश देती हैं। मिट्टी खाने की लीला से लेकर गोपियों के साथ प्रेम और इंद्र का मान मर्दन करने तक, हर घटना में भक्तों के लिए सीख छिपी है। इंद्र का अभिमान तोड़ने के लिए भगवान ने गिरिराज की पूजा करायी और यह संदेश दिया कि अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। उन्होंने कहा कि जीवन में कभी अभिमान नहीं करना चाहिए, अन्यथा ब्रह्मा जी

की तरह कष्ट उठाना पड़ सकता है। उन्होंने भक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि चाहे व्यक्ति महलों में रहे या झोपड़ी में, उसके जीवन में भगवान का स्मरण बना रहना चाहिए। कथा के दौरान पूतना वध, मिट्टी खाने पर मैया यशोदा को मुख में ब्रह्मांड दर्शन, माखन चोरी, उखल बंधन, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग की झांकियों का सुंदर वर्णन किया गया। पं. श्री मिश्र ने बताया कि कंस ने भगवान कृष्ण का वध कराने के लिए राक्षसी पूतना को भेजा था, लेकिन बाल कृष्ण ने उसका संहार कर उसका भी कल्याण कर दिया।

एक नजर में

केवलारी में राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई केवलारी की बैठक संपन्न, कार्यकारणी घोषित

सिवनी। गुरुवार की रात्रि 7 बजे करीब नगर केवलारी के पत्रकार भवन में राष्ट्रीय श्रमजीवि पत्रकार परिषद ब्लॉकइकाई केवलारी के बैठक संपन्न हुई। जिला अध्यक्ष शरद दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं जिला इकाई के वरिष्ट पदाधिकारी की उपस्थिति में नगर केवलारी में बैठक का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी राजदीप रांहगडाले ने जानकारी देते बताया कि बैठक में राष्ट्रीय श्रमजीवि पत्रकार परिषद ब्लॉक इकाई की सदस्यता कार्यक्रम में 15 पत्रकार साथियों ने अन्य संघ की सदस्यता को त्याग कर परिषद की सदस्या ग्रहण की जिला अध्यक्ष शरद दुबे के मार्गदर्शन में ब्लाक इकाई की कार्यकारणी घोषित की गयी है। जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राजेन्द्र पटले, उपाध्यक्ष श्रीमति जमुना अहिवार, प्रीतम पाल, सचिव धरमचंद जैन, संगठन मंत्री पवन बघेल, मीडिया प्रभारी राजदीप रांहगडाले कोषाध्यक्ष-प्रवीण दुबे एवं जिला कार्यकारणी समिति में राजू मेहरा, नीलेश अवधिया, अशोक बंदेवार वरिष्ट पत्रकारो को सामिल किया गया।कार्यक्रम के समापन में केवलारी एसडीएम महेश अग्रवाल ,तहसीलदार शशांक मेश्राम ने पत्रकारों को समाज का आइना बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही पत्रकारों के साथ भोजन किया ।इस अवसर पर बड़ी संख्या में पत्रकारों ने साथियो की सहभागीता एवं सहयोग रहा।

एसपी ने ली पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड की सलामी

सिवनी। पुलिस अधीक्षक कृष्ण लालचंदानी (भा.पु.से.) की उपस्थिति में 22 मई को पुलिस लाइन सिवनी में साप्ताहिक जनरल परेड का आयोजन किया गया। परेड कमांडर रक्षित निरीक्षक प्रवीण नायडू द्वारा पुलिस अधीक्षक को परेड की सलामी दी गई। एसपी द्वारा परेड का निरीक्षण कर पुलिस बल का टर्नआउट चेक किया गया। तत्पश्चात जवानों द्वारा सशस्त्र ड्रिल मार्च किया गया, जिसमें अनुशासन व एकरूपता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। एसपी सिवनी द्वारा उत्कृष्ट टर्नआउट एवं अनुशासन प्रदर्शित करने वाले पुलिसकर्मियों को नगद पुरस्कार से सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। परेड में थाना प्रभारी लखनवाड़ा निरीक्षक चंद्र किशोर सिरामे, थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी, थाना प्रभारी डूंडा सिवनी निरीक्षक चैन सिंह उईके, थाना प्रभारी महिला थाना निरीक्षक श्रीमती संदीपिका ठाकुर, थाना प्रभारी यातायात निरीक्षक विजय बघेल, सूबेदार गौरव सिंह मर्सकोले, सूबेदार जितेंद्र रावतकर सहित कुल 124 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित रहे।

भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा/ जुन्नारदेव, 22 मई, ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय जुन्नारदेव में आधुनिक भारत के शिल्पकार, युवा सोच के प्रतीक, संचार क्रांति के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र पर माल्या अर्पण पश्चात दीप प्रज्वलितकर पुष्पांजलि वरिष्ठों महिलाओं युवा साथियों द्वारा दी गई।

राजीव जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा नए युग की जो कल्पना की गई थी उस रास्ते पर सभी ने चलने का प्रण लिया इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष अरुण साहू, नगर अध्यक्ष अरुणेश जायसवाल,अशोक विश्वकर्मा, आलोक मुखर्जी, डी आर बोनिया , रमेश राय, आर के बैग, अनंत बनर्जी, बी एल तागड़ी,सुधीर लदरे, श्याम यदुवंशी, शशिकांत मालवीय, उपेंद्र शर्मा, जितेंद्र अग्रवाल दिलीप साहू, राजुद्दीन सिद्दीकी, राजेश पाटील, घनश्याम बरखाने, संतोष जगेला, नसीर खान अंकित राय, यशदीप साहू, प्रवीण सिंह,पूरन धुर्वे,जसवंत सिंह ठाकुर,शिवराम चौरे, गामा जैन, कैलाश पथरोड, गन्नूलाल जावलकर, चंद्र विजय धुर्वे, आसिफ भाई, सकील, पवन, मुकद्दर, अंकुर बनकर महिला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनु वानखेडे सलमा बेगम पद्मावती जायसवाल बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

एनसीसी वार्षिक प्रशिक्षण कैंप आयोजित, प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का किया आव्हान

सिवनी नवभारत। 24 एमपी बटालियन के कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमनप्रीत सिंह के नेतृत्व एवं निर्देशन में एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण कैंप छिंदवाड़ा के कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित किया जा रहा है। इस कैंप में छिंदवाड़ा, सिवनी एवं पांढुर्णा जिले के लगभग 600 कैडेट्स प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पीजी कॉलेज सिवनी से सीनियर अंडर ऑफिसर शिवानी कुमरे के नेतृत्व में 8 कैडेट्स का दल छिंदवाड़ा कैंप में सहभागिता कर रहा है। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के अधिकारी लेफ्टिनेंट पवन कुमार वासनिक भी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान करने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

कैंप में कैडेट्स के लिए विभिन्न जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे

हैं। विशेष रूप से एसडीईआरएफ द्वारा आपदा प्रबंधन एवं आपदा के समय एनसीसी कैडेट्स की भूमिका के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स को पानी में डूब रहे लोगों को बचाने के उपाय, देसी संसाधनों से बचाव उपकरण तैयार करना तथा आग बुझाने के विभिन्न तरीकों एवं उपकरणों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

वन संरक्षण विषय पर फारेस्ट ऑफिसर श्री परिहार द्वारा विद्यार्थियों को वनों एवं वन्य जीवन के महत्व के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि वन, वन्य जीव एवं वन संपदा मानव जीवन तथा पर्यावरण के लिए अमूल्य धरोहर हैं। वनों से हमें शुद्ध वायु, औषधियाँ, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संतुलन प्राप्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा हेतु सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

सेना के प्रमुख प्रशिक्षणों में शामिल फायरिंग प्रशिक्षण में भी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेना के जवानों ने कैडेट्स को फायरिंग की तकनीक, सुरक्षा नियमों एवं सटीक निशाना लगाने के महत्व की जानकारी दी। जवानों ने बताया कि फायरिंग का मूल सिद्धांत है एक गोली, एक दुश्मन अर्थात प्रत्येक निशाना पूरी एकाग्रता एवं सटीकता के साथ लगाया जाना चाहिए। इस प्रशिक्षण से कैडेट्स में अनुशासन, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना का विकास हुआ।

बकरीद पर्व को लेकर उगली पुलिस सतर्क नये थाना प्रभारी हुए क्षेत्रीय लोगों से रूबरू

उगली नवभारत। बकरीद को लेकर नायब तहसीलदार सुश्री दीक्षा वासनिक एवं पुलिस थाना उगली के नये थाना प्रभारी डी. आर.शरणागत उगली के द्वारा में ग्रामीणों के बीच पहुंचकर जन मानष से रूबरू हुए, गत दिवस ग्राम पां.छपारा में हिंदू एवं मुस्लिम समुदाय की शांति समिति की बैठक ग्राम पंचायत भवन पां. छपारा में थाना प्रभारी द्वारा आगामी ईद त्यौहार शांतिपूर्ण बनाने की अपील की गई,नये थाना प्रभारी के रूप में दयाराम शर्णागत ने पुलिस थाना उगली की कमान विगत महीने में संभाली है।

जिले के नए पुलिस कप्तान के दिशा निर्देश का पालन करते हुए शांति समिति सुरक्षा की बैठक को लेकर जनमानस से रूबरू होने का कार्य थाना प्रभारी के द्वारा किया जा रहा है।

ग्राम बहनाटोला में शांति समिति की बैठक आयोजित

सिवनी नवभारत। बहनाटोला में केवलारी थाना द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक एसडीओपी आशीष भराड़े के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी प्रीतम सिंह तिलगाम के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक में बड़ी संख्या में ग्रामवासी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था एवं लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। अधिकारियों ने कहा कि समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द एवं कानून का पालन बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। किसी भी प्रकार की अफवाह, विवाद अथवा असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया।

पुलिस प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को साइबर अपराध, चोरी, अवैध गतिविधियों एवं नशे से संबंधित अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ते अपराधों को रोकने के लिए सतर्क रहने एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस तक पहुंचाने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस एवं जनता के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। बैठक में उपस्थित ग्रामीणों ने भी क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं एवं सुरक्षा संबंधी मुद्दों को पुलिस प्रशासन के समक्ष रखा, जिनके निराकरण का आश्वासन अधिकारियों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों ने क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में सहयोग देने का संकल्प लिया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जुन्नारदेव जिला छिन्दवाड़ा
//इश्तेहार//
मौजा ग्राम चावलपानी तहसील तामिया जिला छिन्दवाड़ा
सुनवाई दिनांक 10/06/26
मनोहर पति श्री पंचा जाति गाडरी ग्राम चावलपानी तहसील तामिया जिला छिन्दवाड़ा म0प्र0
विरुद्ध
म0प्र0 शासन
प्रति,
छोटेलाल पुत्र घासीराम जाति लोधी निवासी चावलपानी आवेदक मनोहर पति श्री पंचा जाति गाडरी ग्राम चावलपानी तहसील तामिया में स्थित खसरा नंबर 514/4 रकबा 1.000 हे0 भूमि में लखन पिता पंचा के स्थान पर छोटेलाल पिता घासीराम हो गया है। जिसे विलोपित करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस सूचना पत्र के जरिये छोटेलाल पुत्र घासीराम जाति लोधी निवासी चावलपानी को सूचित किया जाता है कि उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/06/2026 को नियत है। अतः आप उक्त पेशी दिनांक 10/06/2026 दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त आवेदन पर जिस किसी भी व्यक्ति संस्था या अन्य दीगर को यदि कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं या अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। इश्तहार आज दिनांक 21/05/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी
राजस्व, जुन्नारदेव

आयोजन | **'अशिटाका' और 'टकाई' के लॉन्च में किसानों ने भाग लिया**

मक्का फसल के लिए गोडरेज एग्रोवेट के नए क्रॉप केयर सॉल्यूशंस

नवभारत न्यूज
छिंदवाड़ा, 22 मई, मक्का बुवाई सीजन की शुरुआत और मध्य भारत में बढ़ती खरपतवार व कीट समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, भारत की प्रमुख विविधीकृत कृषि कंपनियों में से एक गोदरेज एग्रोवेट लिमिटेड ने अशिटाका और टकाई नामक दो नए फसल सुरक्षा समाधान लॉन्च किए। ये उत्पाद मध्य प्रदेश के मक्का किसानों के लिए विशेष रूप से तैयार किए गए हैं और इन्हें आईएसके जापान के सहयोग से विकसित किया गया है।
इन उत्पादों का लॉन्च मध्य प्रदेश के प्रमुख मक्का उत्पादक जिलों में से एक छिंदवाड़ा में किसानों की उपस्थिति में किया गया। व्यावसायिक लॉन्च से पहले गोदरेज एग्रोवेट ने पूरे क्षेत्र में

2500 से अधिक फील्ड डेमो आयोजित किए और किसानों से सीधे फीडबैक प्राप्त किया। लॉन्च कार्यक्रम में आईएसके जापान के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया, जो इन समाधानों के पीछे भारत-जापान कृषि तकनीक साझेदारी को दर्शाता है।

दो नए प्रॉडक्ट की लॉन्चिंग पर टिप्पणी करते हुए, एन.के. राजावेलु (सीईओ ङ्क क्रॉप केयर बिजनेस, गोदरेज एग्रोवेट) ने कहा÷गोदरेज एग्रोवेट में हमारा फोकस रिसर्च आधारित ऐसे समाधान विकसित करने पर है, जो खेती की वास्तविक चुनौतियों का समाधान करें। अशिटाका और टकाई का लॉन्च किसानों को प्रभावी और भरोसेमंद फसल सुरक्षा समाधान उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। किसान बैठकों, डेमो प्लॉट, रिटेल नेटवर्क और मीडिया जागरूकता अभियानों के माध्यम से हम किसानों तक इन समाधानों की सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। खरपतवार और कीट नियंत्रण में मदद करके ये उत्पाद उत्पादकता बढ़ाने, फसल की मजबूती सुधारने और किसानों की आय को अधिक स्थिर बनाने में सहायक होंगे।

अनिल चौबे (जीएम ङ्क मार्केटिंग, क्रॉप केयर बिजनेस, गोदरेज एग्रोवेट) ने कहा, ÷अशिटाका और टकाई को मक्का किसानों के लिए एक-दूसरे के पूरक समाधान के रूप में तैयार किया गया है। लॉन्च के बाद भी हम आने वाले महीनों में अतिरिक्त 2500 डेमो आयोजित करेंगे, ताकि किसान इन उत्पादों का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त कर सकें। 150 से अधिक चैनल पार्टनर्स और 3000 से ज्यादा रिटेल आउटलेट्स वाले हमारे वितरण नेटवर्क के जरिए इन उत्पादों की व्यापक उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। किसान बैठकों, डिजिटल और पारंपरिक मीडिया अभियानों के माध्यम से जागरूकता भी बढ़ाई जाएगी।÷

अशिटाका और टकाई मिलकर पूरे फसल चक्र में खरपतवार और कीट दोनों समस्याओं का समाधान प्रदान करते हैं, जिससे किसानों को अधिक स्थिर और लाभकारी उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी। व्यापक किसान जागरूकता कार्यक्रमों के साथ ये लॉन्च गोदरेज एग्रोवेट की उस प्रतिबद्धता को मजबूत करते हैं, जिसके तहत कंपनी वैश्विक स्तर की प्रमाणित तकनीकों को भारतीय किसानों तक पहुंचाकर खेती को अधिक प्रभावी और टिकाऊ बनाने में सहयोग कर रही है।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, चेतक भवन महाराणा प्रताप नगर, भोपाल 462011- (म.प्र.) phone:0755-2573444, FAX: 0755-2573418, E- mail:- srmmp.fci@nic.in
क्र. एसएंडसी/15/आरटीसी/एनआईटी/2026/18 दिनांक : 23.05.2026
निविदा आमंत्रण सूचना
मध्यप्रदेश से अन्य राज्यों के विभिन्न गंतव्यों हेतु नियमित सड़क परिवहन ठेकेदार (RTC) की दो वर्ष की अवधि हेतु नियुक्ति के लिए Government E Marketing Portal (URL:https://gem.gov.in) पर online प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है। कार्य की जानकारी, महत्वपूर्ण तिथियों, ईएमडी एसडी एवं निविदा के बारे में विस्तृत विवरण वेबसाइट www.fci.gov.in & www.gem.gov.in पर उपलब्ध विस्तृत एनआईटी एवं एमटीएफ में देखा जा सकता है ।
किसी विवाद की स्थिति में निविदा आमंत्रण सूचना का अंग्रेजी रूपांतरण मान्य/वैध होगा।
महाप्रबंधक (क्षेत्र)